आज़ादी का अमृत महोत्सव

सत्यमेव जयते
**भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय**
**रक्षा सम्पदा महानिदेशालय**
रक्षा संपदा भवन,
उलानबाटर मार्ग, दिल्ली छावनी –110010
दूरभाष : 011-25674970
ई-मेल: **rajbhasha-dgde@gov.in**

रक्षा सम्पदा संगठन
Defence Estates Organisation

**फा सं 35/राजभाषा/रक्षा सम्पदा (एफ़एमएस: 65960)** **दिनांक** 13 **अप्रैल, 2022**

**विषय : रक्षा संपदा महानिदेशालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 07.04.2022 को 15.30 बजे सम्पन्न हुई तिमाही बैठक का कार्यवृत्त**

रक्षा सम्पदा महानिदेशालय की जनवरी से मार्च 2022 तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक **07.04.2022को 15.30 बजे** श्री अजय कुमार शर्मा, महानिदेशक रक्षा संपदा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। समिति की बैठक में निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित थे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती मीना बी शर्मा | वरिष्ठ अपर महानिदेशक | सदस्य |
| 2 | श्री वलेटी प्रेमचंद | अपर महानिदेशक( भूमि/सर्वे) | सदस्य |
| 3 | श्रीमती सोनम यंगडोल | अपर महानिदेशक (छावनी) | सदस्य |
| 4 | श्रीमती विभा शर्मा | अपर महानिदेशक(प्रशासन/समन्वय/ई-छावनी) | सदस्य |
| 5 | श्री रवि शंकर | अपर महानिदेशक(भूमि) | सदस्य |
| 6 | श्री राजेंद्र आर पवार | उप महानिदेशक (भूमि) | सदस्य |
| 7 | श्री अमित कुमार मिश्रा | सहायक महानिदेशक (भूमि-II) | सदस्य |
| 8 | श्री जे एल बिश्नोई | सहायक महानिदेशक(अर्जन/अधि/किराया) | सदस्य |
| 9 | श्री नीरज जैन | संबद्ध अधिकारी (छावनी) | सदस्य |
| 10 | श्री दीपक कुमार ऋषि | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | कार्यकारी सदस्य-सचिव |

**अन्य स्टाफ**

श्री विक्रम सिंह, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी
तेजराज सिंह, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी

कार्यकारी सदस्य सचिव ने अध्यक्ष महोदय और बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों का स्वागत किया। तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही आरंभ की गई।

**31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक संबंधी कार्यवृत्त:-**

कोविड-19 महामारी के बाद महानिदेशक महोदय की अध्यक्षता में भौतिक रूप से आयोजित होने वाली राजभाषा कार्यान्वयन समिति की यह पहली बैठक है। 31 मार्च 2022 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक के मद वार एजेंडा पर कार्यवृत्त निम्नलिखित हैं:-

**1. पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि-**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक, जिसका आयोजन 27 दिसंबर 2021 को आभासी (वर्चुअल) रूप से किया गया था, के कार्यवृत सभी अधिकारियों को भेजे गए थे। उनकी ओर से कोई टिप्पणी प्राप्त न होने की स्थिति में उक्त कार्यवृत्त पर सभी की सहमति की पुष्टि की जाती है।

**(समिति सूचनार्थ)**

**2. राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर महानिदेशालय का पंजीकरण :-**अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर महानिदेशालय के पंजीकरण के बारे में जानकारी मांगी। अध्यक्ष महोदय एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यों को इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

**(कार्रवाई: राजभाषा अनुभाग)**

**3. संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली में निदेशालय स्तर के अनुपूरक पृष्ठ शामिल करना:-** महानिदेशक महोदय ने पश्चिमी कमान, चंडीगढ़ के अनुपूरक पृष्ठों के बारे में ब्यौरा मांगा। अध्यक्ष महोदय को संबंधित जानकारी दी गई तथा रक्षा संपदा कार्यालय, दिल्ली मण्डल की निरीक्षण प्रश्नावली में संबंधित कमान के संलग्न अनुपूरक पृष्ठ अवलोकन हेतु प्रस्तुत किए गए। साथ ही यह जानकारी भी दी गई कि निरीक्षण प्रश्नावली में पश्चिमी कमान, चंडीगढ़ के अनुपूरक पृष्ठों को शेष पांचों कमानों को नमूना रूप में आगामी रिकॉर्ड/ कार्रवाई हेतु भेजा जाएगा।

**(कार्रवाई: राजभाषा अनुभाग)**

**4. मौजूदा तिमाही में सम्पन्न विभिन्न राजभाषायी गतिविधियां:-**

I. भारत सरकार की राजभाषायी नीति के सुचारु कार्यान्वयन हेतु इस क्षेत्र में सहयोग हेतु विभिन्न मंत्रालयों में हिंदी सलाहकार समिति का गठन किया जाता है। इसके अध्यक्ष माननीय रक्षा मंत्री होते हैं। 25 मार्च 2022 को 38 वीं हिंदी सलाहकार समिति की बैठक में महानिदेशक महोदय एवं वरिष्ठ अपर महानिदेशक महोदया ने भाग लिया। इस बैठक हेतु प्रस्तावित एजेंडा में कुछेक मुद्दे सामान्य प्रकृति के तथा महानिदेशालय से भी संबंधित थे (हालांकि प्रत्यक्ष रूप से संबंधित नहीं थे):-

(i) हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में देना
(ii) वेबसाइट का द्विभाषिकरण
(iii) हिंदी सलाहकार समिति के सदस्यों को पत्र–पत्रिकाओं का वितरण
(iv) पत्र व्यवहार के लिफाफों, नाम पट्टिकाओं में हिंदी का प्रयोग
(v) ग्रुप सी समूह की भर्ती परीक्षाओं में अंग्रेजी की बाध्यता समाप्त करना
(vi) सैनिकों/कर्मचारियों को हिंदी में उच्च शिक्षा के अवसर
(vii) हिंदी के रिक्त पद भरना

II. दिनांक 21 जनवरी 2022 को आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), दक्षिण दिल्ली-की छमाही बैठक के दौरान रक्षा संपदा महानिदेशालय को उत्कृष्ट कार्य निष्पादन श्रेणी में स्थान दिया गया।

III. संसदीय राजभाषा समिति द्वारा 11.03.2022 को रक्षा सम्पदा कार्यालय, दिल्ली मण्डल का राजभाषायी निरीक्षण किया गया, जो सफल रहा।

IV. राजभाषायी दायित्व पूर्ति में कार्यशाला आयोजन का महत्वपूर्ण चरण हैं किन्तु देखा गया है कि कार्मिक उक्त में भाग लेने हेतु उत्साहित नहीं होते है। इस संबंध में सभी अनुभाग अधिकारियों से अनुरोध है कि कार्यशालाओं हेतु अधिकाधिक कार्मिकों को नामित करें।

V. हिंदी टंकण हेतु शेष कार्मिकों को हिंदी टंकण हेतु नामित करें।

VI. महानिदेशालय की गृह पत्रिका "सम्पदा भारती" के 15 वें अंक के प्रकाशन हेतु महानिदेशालय के सभी अनुभाग एवं अधीनस्थ कार्यालयों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक रचनाएं भेजें।

**(कार्रवाई: सभी अनुभाग अधिकारी/निदेशालय)**

**5. अनुभागों के राजभाषायी निरीक्षण:-** इस मद पर सभी अनुभागों के प्रयास सराहनीय रहे फिर भी प्रभावी अनुपालन हेतु अनुभाग प्रभारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए महानिदेशालय में निम्नलिखित:
(i) कुल पत्राचार
(ii) अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में देना
(iii) हिंदी टिप्पण लेखन आदि

के संबंध में अध्यक्ष महोदय को बताया गया कि इस विषय पर आवश्यक कार्रवाई संबंधी एक अनुरोध पत्र राजभाषा अनुभाग द्वारा सभी अनुभाग प्रभारियों को 31 मार्च 2022 को जारी कर दिया गया था । जिसमें "अंग्रेजी पत्रों के उत्तर हिंदी में देना" तथा "हिंदी टिप्पण" जैसी मदों पर सभी का ध्यान विशेष आकर्षित किया गया। उक्त पत्र के अनुसार किराया, छावनी, अधिग्रहण-I एवं II, समन्वय, सतर्कता तथा प्रशासन सभी अनुभागों द्वारा "अंग्रेजी पत्रों के हिंदी में उत्तर" तथा "मूल पत्राचार" में कार्य प्रतिशतता 5% से 7 % बढ़ी है। संक्षेप में हिंदी पत्राचार बढ़ोत्तरी संबंधी इनके प्रयास सराहनीय है।

अध्यक्ष महोदय ने सभी अपर महानिदेशकों को निर्देश दिया कि उनके अनुभाग प्रभाग में अंग्रेजी में होने वाले पत्रों की एक प्रति राजभाषा अनुभाग में हिंदी अनुवाद हेतु भेजें। राजभाषा अनुभाग द्वारा इन पत्रों का हिंदी अनुवाद सभी संबंधितों को भेज दिया जाएगा। इससे हिंदी पत्राचार प्रतिशतता में वृद्धि होगी। साथ ही इन पत्रों के अनुवाद से मानक प्रारूप तैयार हो जाएंगे। जिनके प्रयोग द्वारा अनुभाग कार्य प्रतिशतता में वृद्धि सुनिश्चित कर पाएंगे। हिंदी टिप्पण का प्रतिशत बढ़ाने हेतु छोटी-छोटी टिप्पणियां हिंदी में लिखने तथा अधिकांश अग्रेषण, पावती एवं अनुस्मारक हिंदी में ही भेजे जाने से यह प्रतिशत बढ़ाया जा सकेगा। इस संबंध में किसी तरह की परेशानी होने पर राजभाषा अनुभाग से सहायता ली जा सकती है।

**(कार्रवाई: सभी अनुभाग अधिकारी/राजभाषा अनुभाग)**

**6. सुगम राजभाषायी दायित्व अनुपालना:-** महानिदेशक महोदय ने महानिदेशालय में हिंदी से संबंधित रिक्त पदों के बारे में जानकारी मांगी। अध्यक्ष महोदय को बताया गया कि इस महानिदेशालय में कनिष्ठ हिंदी अनुवाद अधिकारी का एक पद रिक्त है जो संयुक्त सचिव एवं मुख्य प्रशासन अधिकारी कार्यालय द्वारा भरा जाना प्रस्तावित है। अध्यक्ष महोदय ने अपर महानिदेशक (प्रशासन/समन्वय) को निर्देश दिया कि राजभाषा अनुभाग में अवर श्रेणी लिपिक/हिंदी टाइपिस्ट की तैनाती करने के संबंध में उचित कार्रवाई करें।

**(कार्रवाई: प्रशासन /समन्वयअनुभाग)**

इस एजेंडा सार एवं कार्यवृत्त को महानिदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा ।

**(कार्रवाई: सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग)**

**4.** इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

---

<u>**राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य**</u>